## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सारंगढ़ में खेला जाएगा फुटबॉल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त के सम्मान में घोषित राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में दलों द्वारा फुटबॉल मैच खेला जाएगा।

### स्कूली बच्चे को मारा चाकू

**तिल्दा-रायपुर (आरएनएस)।** तिल्दा में एक स्कूली बच्चे पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो युवकों के साथ एक बालक को पकड़ा गया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीएचसी तिल्दा के पास एक सकूली बच्चे को किसी ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पूछताछ में पता चला कि आरोपी शीतल यादव एवं दीपक यादव उर्फ मनीष व उसके एक अन्य साथी ने प्रार्थी को गाली-गलौच करते हुए तथा लड़कियों से बात करते हो, कहते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू मारा है। सूचना पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक, चाकू आदि बरामद कर लिया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़े चार शराब तस्कर : 4.51 लाख का शराब जब्त

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश ब्रांड की शराब लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने वाले लोगों पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 51 हजार का शराब बरामद किया गया है। लवन और पलारी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए जिले में शराब तस्करों को पकडऩे लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक कार में सवार युवक पुलिस को देख अपने वाहन से उतरकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसकी कार की तलाशी लेने पर पुलिस को 82 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित शराब जब्त मिली। पुलिस ने मामले में आरोपी के साथ ही घटना में प्रयोग की गई कार के साथ दो मोबाईल भी जब्त किया गया हैं। पुलिस ने इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### रीपा की रंग-बिरंगी राखियां से सजेगी भाईयों की कलाईयां



**रायपुर (आरएनएस)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाईयों की कलाईयों पर स्व-सहायता समूहों की बहनों की राखियां एक बार फिर सजेंगी। राज्य के गौठानों में स्वसहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में राखियां तैयार कर रही हैं। राखियों में परम्परा के अनुरूप मौली-धागा, मोती जैसी अन्य वस्तुओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये राखियां आकर्षक होने के साथ-साथ भाई-बहनों के प्यार का प्रतीक भी हैं। राज्य के कबीरधाम जिले में भी महिला स्वसहायता समूह द्वारा रंग-बिरंगी राखियां बनायी जा रही है, जिसकी मांग बाजार में अच्छी-खासी बनी हुई है। ग्राम मैनपुरा की महालक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत मजगांव की कुसुम महिला ग्राम संगठन एवं अन्य समहू द्वारा तैयार की जा रही राखियों से इन समूहों को अच्छी आमदनी हो रही है। अब तक लगभग 15 से 20 हजार रुपए की राखियां बेची जा चुकी हैं। राखियां लोगों को बहुत पसंद आ रही हैं और हाथों-हाथ बिक रही हैं। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में शुरू किए गए रीपा में ग्रामीणों को आजीविका के नए साधनों से जोडऩे के लिए नई-नई आर्थिक गतिविधियां शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में महिला समूहों द्वारा राखियां तैयार की जा रही हैं।

# कौही लिफ्ट इरीगेशन योजना का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, 2500 हेक्टेयर में होगी सिंचाई

**❑ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कौही के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक भी किया**



**रायपुर।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन में कौही में प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। साथ ही इस अवसर पर 7 करोड़ की लागत से बने कौही लिफ्ट इरीगेशन योजना का लोकार्पण भी किया। इससे 2500 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। कौही उद्वहन सिंचाई योजना से ग्राम कौही, बोरेंदा, जरवाय, केसरा, खम्हरिया, डंगनिया, तर्रीघाट, सोनपुर और सिपकोना के किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कौही के पहले दौरे के अवसर पर ही यहां के पुरानी उद्वहन सिंचाई योजना को अपडेट करने की घोषणा की थी। योजनांतर्गत इंटक वेल का रेडियस जो पहले 6 मीटर था इसको 12 मीटर किया गया है। वहीं 150 एच.पी. के पांच वीटी पंप स्टॉल किए गए हैं। जिससे लिफ्ट ऐरीगेशन की क्षमता में कई गुणा वृद्धि हुई है। सम्पूर्ण नहर प्रणाली का लाइनिंग कार्य भी किया गया है। कौही उद्वहन सिंचाई योजना की क्षमता बढ़ने से इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को राहत पहुंची है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्र के बारह किसानों को खसरा बी-1, बी-2 अपने कर कमलों से वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेशवासियों पर भगवान भोले नाथ की कृपा बनी रहे। उन्होंने सभी को सावन सोमवार की बधाई दी। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप सिंचाई सुविधा विस्तारित होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के विकास के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश को पहचान मिली है। मुख्यमंत्री बघेल ने लोगों की मांग पर मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए सेवा का अवसर प्रदान करने लोगों का आह्वान किया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की शुरू हुई पैदल यात्रा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सभी विषयों में छत्तीसगढ़ी माध्यम से पढ़ाई, सरकारी कामकाज में छत्तीसगढ़ी को अनिवार्य करने, पहली से पांचवी तक छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई, जैसे कई मांगों को लेकर मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच ने आज पैदल यात्रा निकाली। मायामाया मंदिर से सुबह 7 बजे से शुरू हुई पैदल यात्रा शहर के कई प्रमुख स्थानों से होकर कलेक्ट्रेट स्थित महतारी चौक में संपन्न हुई.

छत्तीसगढ़ी राजभाषा के संस्थापक नंद कुमार शुक्ल ने पैदल यात्रा शुरू होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि महतारी भाषा माध्यम होना चाहिए. एक विषय नहीं होना चाहिए, महतारी भाषा माध्यम होनी चाहिए. हमारा जो अभियान है, पूरी महतारी भाषा - छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हरदी पहली से लेकर पांचवी तक पढ़ाई का माध्यम होना चाहिए.

उन्होंने कहा कि भाषा विषय के रूप में रूप में होना अलग बात है. माध्यम भाषा बने, यह एक अलग बात है. भाषा केवल विषय बने, यह अलग विषय है. लेकिन माध्यम महतारी भाषा हो. इसको लेकर पैदल यात्रा राजधानी रायपुर में निकाली जा रही है. महामाया मंदिर से इसकी शुरुआत हो रही, और कलेक्ट्रट चौक स्थित महतारी चौक में इसका समापन होगा. यह पैदल यात्रा लगातार जारी रहेगी. पैदल यात्रा में शामिल हुए गौ सेवक आयोग के अध्यक्ष रामसुंदर दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सारे कार्यालय में, यहां तक की विधानसभा में भी छत्तीसगढ़ी में प्रश्न पूछें. इसमें मंत्री और संतरी छत्तीसगढ़ी भाषा में संबंधित उत्तर दें, ऐसी बात हुई थी. लेकिन उतनी ज्यादा अभी तक प्रचलित नहीं हो पाई है. इसी बात की चिंता कर आज सुबह पदयात्रा में निकले हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि यह जो जन-जागृति के काम किया जा रहा है, यह निश्चित रूप से पूरा होगा. छत्तीसगढ़ी भाषा सबकी भाषा बनेगी.

# उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को कायाकल्प आयुष के प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से नवाजा




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रायपुर के एक निजी होटल में गत दिवस आयोजित कायाकल्प-आयुष पुरस्कार 2023 समारोह में राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 2 केन्द्र भी शामिल हैं। इसमें आयुष केंद्र एवं स्पेशलिटी क्लीनिक श्रेणी में जिले के आयुष केन्द्र कनकबीरा को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हजार का चेक प्रदान किया गया। आयुर्वेद औषधालय भेडवन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आयुष संस्थाओं को पुरस्कार मिला है। स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिए चयन किया गया था।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। छत्तीसगढ़ के 1174 आयुष संस्थाओं में से 1054 संस्थाओं ने कायाकल्प. आयुष में भागीदारी की। राज्य की 90 प्रतिशत संस्थाओं की सहभागिता काफी उत्साहवर्धक है। कायाकल्प-आयुष की शुरूआत के बाद पूरे देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद चयनित संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव कविता गर्ग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै भी कायाकल्प-आयुष पुरस्कार समारोह में शामिल हुईं।

## रायपुर के ऑटो चालक ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है. जानकारी के मुताबिक 26.08.2023 को चेतन निर्मलकर निवासी आदर्शनगर मठपारा थाना टिकरापारा रायपुर अपनी नानी के घर टेकारी विधानसभा जाने हेतु घड़ी चौक में एक आटो में सवार हुआ जो अपने पास एक बैग भी रखा था जिसमें सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामग्री थे। इसी दौरान चेतन निर्मलकर कचना मोड़ के पास आटो से उतर गया तथा बैग को आटो में ही भूल गया, जिसकी सूचना उसके द्वारा थाना विधानसभा में दी गई। आटो चालक ईरशाद अली निवासी बजरंग चौक मठपारा थाना टिकरापारा रायपुर द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए चेतन निर्मलकर के बैग को सामग्री सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट कार्यालय में लाकर जमा किया गया।

जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा चेतन निर्मलकर को कार्यालय बुलाकर आटो चालक ईरशाद अली के हाथो उसके बैग को सामग्री सहित सकुशल वापस कराया गया। आटो चालक ईरशाद अली की ईमानदारी के फलस्वरूप टीम के सदस्यों द्वारा उसका सम्मान किया गया।

## रायपुर में होगा आर्ट, लिट्रेचर और फिल्म फेस्टिवल का आयोजन : एक्ट्रेस अमीषा पटेल भी होंगी शामिल, सीएम भूपेश होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में एक बार फिर 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे.

वहीं बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल बतौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी.

फेस्टिवल के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरुप प्रदेश में फिल्म और कला के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में एक बार फिर रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल इतिहास रचने जा रहा है. उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में सीएम भूपेश बघेल और बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल शामिल होंगी.

बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग और छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड के सहयोग से नेचर फ्रेंड्स सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन और एके एसोसिएट्स द्वारा रायपुर में 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेरेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा. ये आयोजन का दूसरा साल है.

**मुख्यमंत्री ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को लिखा पत्र**

## छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट हेतु समय देने का किया अनुरोध

**❑ संघ ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राज्यपाल से समय दिलाने का मुख्यमंत्री से भेंटकर किया था अनुरोध**

**❑ मुख्यमंत्री से मिलकर यथा शीघ्र 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी थी**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट हेतु समय देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि 27 अगस्त 2023 को रायपुर में आयोजित ओबीसी महासम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा मुझसे निवेदन किया गया है कि वे अपनी लंबित मांगों को लेकर आपसे भेंट करना चाहते हैं। तदनुसार कृपया छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल को भेंट हेतु समय आबंटित करने तथा सहानुभूति पूर्वक उनकी मांगों पर विचार करने का कष्ट करेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ ने रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर ओबीसी वर्ग को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं में समुचित लाभ दिलाने के संदर्भ में अपनी मांग रखी थी। जिसमें संघ ने यथा शीघ्र 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी थी। इस मौके पर संघ ने मुख्यमंत्री बघेल से विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राज्यपाल विश्वभूषण से समय दिलाने का अनुरोध भी किया था, जिसे देखते हुए संघ के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पत्र लिखा है।

## 3 करोड़ का गांजा जब्त, लकड़ियों के बीच छिपाकर ले जा रहे थे हरियाणा



**रायपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में अवैध कारोबार बढते जा रहे है। इसी कड़ी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर 1200 क्विंटल गांजा जब्त कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस बड़ी कार्रवाई के लिए आईजी ने पुरी पुलिस टीम को 30 हजार का इनाम दिया है।

जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दोपहर तिलवाड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जहां एक ट्रक के अंदर रखी हुई लड़कियों के बीच में 12 क्विंटल गांजा जप्त करते ट्रक के चालक और परिचालक को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक रायपुर से हरियाणा की ओर जा रहा है। जिसमें सागौन एवं नीलगिरी की लड़कियां रखी हुई है। साथ ही उसके अंदर भारी मात्रा में गांजा को छुपा कर रखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अपना जाल बिछाया और तिलवाड़ा के जोधपुर नाका पहुंची। जहां पर सूचना के आधार पर ट्रक को रोककर जब तलाशी ली गई तो, उसके अंदर प्लास्टिक की थैलियां में 12 क्विंटल गांजा रखा हुआ मिला।

पुलिस के मुताबिक उक्त गाजं रायपुर से लोड किया गया था जिसको बेचने के लिए हरियाणा ले जाया जा रहा था। वहीं गांजे की कीमत 3 करोड़ रुपए आंकी गई है।

# रीपा अंतर्गत एमके बाहरा में महिला समूहों ने बनाई 14 क्विंटल सेव और बूंदी

**❑ लगभग एक लाख 40 हजार रुपए का हुआ लाभ**



**महासमुंद (आरएनएस)।** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क अब रोजगार का नया केंद्र बन गया है। रीपा से अनेक गतिविधियों का संचालन हो रहा है। इससे महिला समूहों को स्थायी रोजगार के साथ-साथ समय-समय पर आवश्यकता अनुसार कार्य मिल रहा है। जिससे उनके जीवन में बदलाव आ रहा है। आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलने लगे हैं। अभी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया तब इस दिन महिला समूहों को सेव और बूंदी बनाने का ऑर्डर मिला। जनपद पंचायत बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मरारकसीबाहरा में रीपा के तहत अनेक उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। यहां जय मॉ लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह को बागबाहरा विकासखण्ड के 88 ग्राम पंचायतों से सेव और बूंदी बनाने का ऑर्डर मिला। जय मां लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इस ऑर्डर की पूर्ति की और 220 रुपए प्रति किलो सेव तथा बूंदी 200 रुपए प्रति किलो की दर से कुल 6 क्विंटल सेव तथा 8 क्विंटल बुंदी बनाया गया। इसकी विक्रय राशि लगभग 2 लाख 92 हजार रुपए हुआ। महिलाओं ने बताया कि यह एक अवसर हमें प्राप्त हुआ। जिससे हमें एक लाख 40 हजार रुपए का शुद्ध आय अर्जित किए। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यो को देखकर और भी ऑर्डर मिलने लगे हैं। इसके अलावा महिला समूहों द्वारा फ्लाई एश ब्रिक्स, एलईडी, पैकेजिंग का भी कार्य किया जा रहा है। जिससे महिला समूहों के कार्य क्षमता में विकास के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU